



**एक नजर में**

### श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन 5 तक

**सीहोर.** गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन अभियान के अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल पर अपने मोबाईल के माध्यम से अथवा अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी पर संपर्क कर पंजीयन किया जा सकता है. नि:शुल्क पंजीयन के लिए आधार नंबर, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर तथा आईएफएससी कोड व बचत खाता की जरूरत होगी. श्रम विभाग द्वारा व्यापक अभियान प्रारंभ किया गया है. पंजीयन की प्रक्रिया पांच सितंबर होगी.

### पोषण दिवस के तहत बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 540 बच्चों तथा 1 वर्ष से अधिक आयु के 205 बच्चों का टीकाकरण किया. 205 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया.

### युवा 6 सितंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर.** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा पर जाने के लिए युवाओं से आवेदन 6 सितंबर तक कर सकते हैं. जिले के प्रत्येक विकासखंड से 10 युवाओं 05 युवक, 05 युवतियों का चयन किया जाएगा. विकासखंड स्तर पर चयन में 01 एनसीसी, 01 एनएसएस, 01 खिलाड़ी, 01 मेधावी छात्र, 01 स्काउट तथा इसी मान से युवतियों का चयन किया जाएगा. आवेदक की आयु 31 दिसंबर 20 की स्थिति में 15 से 25 वर्ष होनी चाहिए.

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लिया संकल्प

**सीहोर.** मुंगावली स्कूल के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने संकल्प लिया गया कि हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है. हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र निर्माण का आधार है. हम विद्यालय में ऐसा वातावरण बनाएंगे, जहां कोई भेदभाव नहीं होगा. हम सभी समभाव से सीखने और सिखाने के पथ पर अग्रसर रहेंगे तथा विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित तथा प्रेरणापद रखेंगे. इस दौरान प्राचार्य आरडी सोलंकी, राजेश कसोटिया, भैरवसिंह शाक्य, जितेंद्र बड़ोदिया, ज्योति त्यागी, पूजा गांधी, अंजू दोग्ने, प्रमोद खत्री, सुनीता भदोरिया, घनश्याम दोग्ने, कमलेश, बृजेश, देवेंद्र, हेमंत, रेखा आदि उपस्थित थे.

### महिला आईटीआई में रोजगार मेला 9 को

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे. इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा. मेले में शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए युवाओं का चयन भी किया जाएगा.

### केंद्रीय विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

**सीहोर.** इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला फुटबॉल संघ द्वारा किया गया. फाइनल मैच केंद्रीय विद्यालय और आवासीय स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय 9-1 से विजय प्राप्त की. पूरे टूर्नामेंट के दौरान केंद्रीय विद्यालय सीहोर ने एक भी मैच नहीं हारा और 5 टीमों को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया. इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती पूजा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बधाई दी.

# फसल बीमा देने की मांग, टंकी पर चढ़े ग्रामीण

## बीते कई दिनों से ग्रामीण कर रहे फसल बीमा के लिए प्रदर्शन, कुछ दिन पहले नदी में किया था जल सत्याग्रह

- फसल बीमा नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश
- खराब फसल लेकर घंटी बजाते हुए किया किसानों ने प्रदर्शन



**सीहोर.** फसल बीमा राशि की मांग करते हुए किसानों द्वारा कई दिनों से प्रदर्शन किया जा रहा है. बुधवार को वह पानी की टंकी पर चढ़े.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 सितंबर. फसल बीमा की मांग शनै: शनै: रफ्तार पकड़ रही है. बीते कई दिनों से किसान अजीबोगरीब ढंग से प्रदर्शन कर फसल बीमा की मांग कर रहे हैं. बुधवार को भी किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर नारेबाजी की और खराब फसल हाथों में लेकर व घंटी बजाकर शासन- प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया.**

बीते कई दिनों से अजीब ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि वह पांच साल से खराब फसल की बीमा राशि का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें बीमा राशि नहीं मिल सकी है. ऐसे में उनके सब्र का बांध ढह गया है और वह बीते 11 दिन से क्रमबद्ध ढंग से प्रदर्शन कर रहे हैं. अब तक किसानों ने खेतों में धरना, जल सत्याग्रह और पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाते हुए प्रदर्शन किया है. इसके अलावा कलेक्ट्रेट में भी खराब फसल के साथ पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया जा चुका है, लेकिन अब तक उन्हें फसल बीमा राशि नहीं मिल सकी है.

नतीजतन बुधवार को दर्जनों किसान पानी की टंकी पर चढ़ गए और हाथों में खराब फसल लेकर थाली व घंटी बजाकर आक्रोश जताया. किसानों का कहना है कि हम विगत 11 दिन से भोपाल जिला सीहोर जिला शाजापुर जिला के किसान लोग जल सत्याग्रह कर रहे हैं कहीं पेड़ों पर घंटी बज रहे हैं कहीं खेतों में प्रदर्शन कर रहे है कलेक्टर से लेकर एसडीएम तहसीलदार को ज्ञापन भी दे चुके हैं हर दिन किसी न किसी गांव में हमारा धरना प्रदर्शन जारी है लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। किसानों ने यह निर्णय लिया कि क्यों ना हम पानी की टंकी पर जमीन से जब हमारी आवाज सरकार कानों तक नहीं पहुंच पा रही तो हम आसमान पर पानी की टंकी पर चढ़कर सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए घंटी बजाकर सरकार के कानों तक हमारी आवाज पहुंच रहे हैं. इस दौरान टंकी पर चढ़े किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपने आक्रोश का इजहार किया और शासन- प्रशासन से शीघ्र ही फसल बीमा राशि देने की मांग की है.

गौरतलब है कि विगत दिनों जिले के अनेक गांवों से ट्रैक्टर-ट्राली से आए किसानों ने खराब फसल के साथ कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया था. इस दौरान उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को प्रधानमंत्री, केन्द्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापित एक ज्ञापन भी सौंपा गया था. एक सप्ताह बाद भी जब संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर खराब फसलों का सर्वे करने नहीं पहुंचे तो किसानों में आक्रोश का भड़क गया है. किसानों का कहना है कि पीला मौजिक बीमारी ने सोयाबीन की फसलों को बर्वाद कर दिया है.

### एक दिन पहले खेतों में खड़े होकर की थी नारेबाजी

एक दिन पहले समीपस्थ ग्राम भेसावा नागिन के किसानों ने खेतो में बैठकर खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर रैली निकाल कर बीमा कम्पनी के खिलाफ नारे लगाए एवं ग्राम किसान महापंचायत भी रखी गई. इसी तरह ग्राम चांदनी में किसानों ने खराब सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर खेतों में खड़े होकर जमकर बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाए और सरकार से मांग की है कि किसानों की खराब हो रही फसलों की सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए. किसानों का कहना है कि जब तक हमारे खेतों पर आकर खराब फसलों का सर्वे कर बीमा राशि नहीं मिलेगी तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा.

# छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 3 सितंबर.** आजकल युवाओं में अवसाद या अन्य कोई वजह इतनी घर कर गई है कि वह अपनी जान देने से भी नहीं हिचक रहे. बुधवार की सुबह भी ऐसा ही एक मामला देखने को मिला जब शुगर फैक्ट्री चौराहा निवासी युवती मंदिर जाने का कहकर घर से निकली और सीवन नदी के चद्दर पुल पर जान देने पहुंच गई. गनीमत रही कि लोगों ने उसे देख लिया और उसे वहां से हटाकर थाने ले जाया गया.

बुधवार की सुबह सीवन नदी के चद्दरपुल के समीप राहगीरों ने देखा कि युवती पानी की धार में उतर रही है. उन्होंने आवाज लगाकर रोकने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी. हालात देखकर कुछ लोग हिम्मत जुटाकर नदी में कूद पड़े और महिला को पकड़कर बाहर खींच लिया. इस दौरान युवती बार-बार खुद को छुड़ाने का प्रयास करती रही, मगर लोगों की बहादुरी और सूझबूझ से उसकी जान बच गई. इस दौरान वहां काफी भीड़ जमा हो गई थी.

सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया. पुलिस ने बताया कि शुगर फैक्ट्री चौराहा निवासी युवती का नाम गंगा राठौर पिता मनोज राठौर है और वह वकालत की पढ़ाई कर रही है, हालांकि पिछले वर्ष उसने परीक्षा नहीं दी थी और लंबे समय से मानसिक तनाव में बताई जा रही है. मामले में थाना प्रभारी रविंद्र यादव का कहना है कि युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन वहां मौजूद लोगों की सतर्कता और साहस से उसकी जान बच पाई. फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि समय पर राहगीर कदम न उठाते तो तेज बहाव में युवती बह सकती थी.

# ट्राली चोर को पुलिस ने पिपरिया से पकड़ा

- आरोपी पर पूर्व में मोबाइल चोरी व दुष्कर्म का भी मामला दर्ज है
- पहचान छुपाने के लिए आरोपी ने ट्राली पर कर दिया था रंग

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 3 सितंबर.** पुलिस ने ग्राम राला से ट्राली चोरी करने के आरोपी को पिपरिया से पकड़ने में सफलता हासिल की है. आरोपी ने पहचान छुपाने ट्राली पर नया रंग-रोगन कर दिया था. आरोपी के खिलाफ पूर्व में मोबाइल चोरी व दुष्कर्म के मामले भी पंजीबद्ध हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 1 सिंतबर को ग्राम राला निवासी इमरान खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ट्राली बनाने का काम करता है तथा गत दिनों उसके घर के बाहर खड़ी ट्राली को अज्ञात चोर चुरा ले गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश प्रारंभ कर दी थी.

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पुलिस ने टीम गठित कर चोर को पकड़ने के प्रयास शुरू किए. आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की जिसके परिणाम स्वरुप आरोपी विक्रम पिता श्रीराम बारेला उम्र 24 साल निवासी गुराड़ी थाना इछावर को मंगलवार को खापरखेड़ा पिपरिया से गिरफ्तार किया गया. आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली कीमत 1.5 लाख और चोरी करने में प्रयोग किए ट्रेक्टर को जप्त किया गया. आरोपी विक्रम बारेला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया.



पुलिस द्वारा मामले में जानकारी देते हुए बताया गया कि आरोपी विक्रम के खिलाफ पूर्व में मोबाइल चोरी और दुष्कर्म के मामले भी पंजीबद्ध हैं. आरोपी ने ट्राली की पहचान छुपाने के लिए उस पर रंग- रोगन कर दिया था.

### लोक अदालत का प्रचार करने किए रथ रवाना

**सीहोर.** आगामी 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी. नेशनल लोक अदालत में विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय प्रारंगण से प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चद आर्य द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथों को रवाना किया गया. प्रचार वाहनों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से जिले के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में नेशनल लोक अदालत एव विद्युत विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जाएगा. नेशनल लोक अदालत में अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के रखे जाने एवं निराकरण के सम्बंध में बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए.

# फेंसिंग में बहते करंट की चपेट में आई गाय



- गाय मालिक ने थाने में प्रकरण दर्ज कराया
- पूर्व में भी हो चुके ऐसे हादसों पर रोक लगाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 3 सितंबर.** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीलीकरार में बीती रात खेत की फेंसिंग में प्रवाहित करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई. गाय मालिक ने बुधनी थाने में मामला दर्ज करवाया है.

ग्राम पीलीकरार निवासी रोशन बताया कि वह ग्राम में रहकर कृषि, पशुपालन ओर दूध डेयरी का का कार्य करता है जिसमे मंगलबार को गाय को चरने के लिए खेड़ा पीलीकरार पर छोड़ा था मेरी गाय रात में वापस नही लौटी तो अपनी गाय की तलाश शुरू की. बुधवार सुबह 6 बजे श्यामलाल गुर्जर के खेत के की फेसिंग के मूर्छित अवस्था में पड़ी थी नजदीक जाकर देखा तो खेत की फेंसिंग में लोहे का तार लगा हुआ था, जिसका एक सिरा बिजली के तार से जुड़ा हुआ था तो वहीं गाय के मुंह से लोहे का तार फंसा हुआ था. जिससे प्रतीत होता है कि बिजली के करंट लगने से गाय की मौत हुई है. मामले को लेकर निवासी रोशन सिंह ने बुधनी थाने में आकर घटना की जानकारी दी. पुलिस ने इस मामले में मृत मवेशी का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है. इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में खेती करने वाले किसान अपनी फसल की जानवरों से सुरक्षा करने के लिए खेत की फेंसिंग में बिजली का करंट छोड़ देते हैं. जिससे आए दिन पालतू पशुओं के साथ हादसे घटित होते हैं तो वहीं कृषि क्षेत्र ग्राम से सटे होने पर वहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है और बड़ी घटना की आशंका बनी रहती है.

### विधायक आज ग्रामीणों को देंगे अनेक सौगात

**सीहोर.** शुक्रवार को विधायक सुदेश राय विधानसभा क्षेत्र के जानपुर बावड़िया मगरखेड़ा, रायपुरा के ग्रामीणों को करोड़ों रुपए लागत के निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात देंगे. विधायक राय सुबह 11 बजे जानपुर बावड़िया में 2.40 करोड़ रुपये लागत के 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण व ग्राम मगरखेडा में 5 लाख रुपए लागत के हनुमान मंदिर के टीनशेड का लोकार्पण करेंगे. रायपुरा में 37 लाख रुपए की लागत के पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन और 5 लाख रुपए के माता मंदिर के टीनशेड, हरदौल लाला मंदिर टीनशेड और राममंदिर चबूतरे का लोकार्पण करेंगे.

# लापरवाही ! महिला ने एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म

- ग्राम मूंडला से जिला अस्पताल आई थी गर्भवती महिला
- काफी देर इंतजार करने के बाद एंबुलेंस में ही हो गई डिलेवरी




**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 सितंबर.** जिला अस्पताल में फिर लापरवाही का मामला सामने आया है. आपातकालीन एंबुलेंस 108 से ग्राम मूंडला की प्रसूता महिला को मंगलवार रात 10 बजे अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल के गेट पर पहुंचने के बाद भी स्टाफ का इंतजार करने के बाद महिला को एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म देने मजबूर होना पड़ा.

जानकारी के अनुसार प्रसूता महिला प्रसव के लिए एंबुलेंस में ही तड़पती रही. बताया जाता है कि इलाज के इंतजार में प्रसूता को एंबुलेंस में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. अस्पताल की उपेक्षा के बीच महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया. लेकिन इस दौरान भी न तो कोई नर्स और न ही डॉक्टर समय पर एंबुलेंस तक पहुंचे. जानकारी के मुताबिक प्रसूता महिला का नाम ग्राम मूंडला निवासी साजिया पत्नी असलम बताया गया है. गनीमत रही कि बच्चा सुरक्षित पैदा हुआ, लेकिन महिला और परिजन अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही से बेहद आहत दिखे.

यह पहला मामला नहीं है जब जिला अस्पताल की खामियां उजागर हुई हैं. खासकर प्रसूता महिलाओं के मामले में स्टाफ अक्सर गंभीरता नहीं दिखाता और मामूली परेशानी पर ही मरीजों को भोपाल रेफर कर दिया जाता है.

अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक सुदेश राय कई बार रोगी कल्याण समिति की बैठक में सवाल उठा चुके हैं. इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा. हर बार नई लापरवाही सामने आने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है. अस्पताल प्रबंधन के रवैये पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

# पुलिस कप्तान ने किया थानों का निरीक्षण

- इछावर, भैरूंदा और गोपालपुर थाने का किया भ्रमण
- त्योहारों के मद्देनजर तैयारियों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 सितंबर.** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा बुधवार को थाना इछावर, चौकी लाड़कुई, थाना भैरुन्दा एवं थाना गोपालपुर का निरीक्षण किया गया.

पुलिस कप्तान द्वारा भ्रमण के दौरान आगामी त्यौहारों डोल ग्यारस,ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी एवं विसर्जन की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ- साथ नगर रक्षा समिति एवं सिविल डिफेंस वॉलंटियर की सेवाएं लिए जाने पर भी विशेष बल दिया गया. ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव, पटवारी, कोटवार व पुलिस बल के माध्यम से उचित व्यवस्था बनाकर शांति पूर्वक श्री गणेश मूर्तियों का विसर्जन कराने के निर्देश दिए.

इछावर एवं भैरुन्दा क्षेत्र के विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर उचित प्रकाश व्यवस्था बनाने, गोताखोर, नाव तथा बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु क्रेन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए. सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारी लाड़कुई को अपराध नियंत्रण और आगामी त्यौहारों को शांति एवं सोहाद्रपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए.

# लगातार बारिश के चलते बरगी बांध के गेट खुले

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 03 सितंबर.** लगातार बारिश के चलते बरगी, तवा सहित अन्य बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है. बुधवार को बरगी बांध के 9 गेट खोलकर पानी निकाला जा रहा है. जिसको लेकर बुधनी एसडीएम डीएस तोमर ने नर्मदा तटीय इलाकों में नदी किनारे से दूरी बनाए रखने की बात कही है.

सूबे सहित कई जिलों में बारिश का क्रम बना हुआ है. मौसम विभाग ने राजगढ़ सहित नर्मदापुरम, विदिशा, सीहोर, जबलपुर के अलावा मालवा क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना जताई है. जिले में सुबह से काले घने बादल छाए हुए थे. दोपहर में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया.अनवरत बरसात के चलते नर्मदा नदी पर बने बांधों के गेट खोलने पड़ गए हैं. नदी नाले उफान पर हैं. स्थानीय प्रशासन ने नर्मदा तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर लोगों को किनारे से दूर रहने की सलाह दी है.

जबलपुर में बरगी बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार हो रही बारिश की वजह से बांध के कुल 9 गेट खोल दिए गए हैं. नौ गेटों को 1.33 मीटर तक खोला गया है. इससे 52135 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. बांध के गेटों पर खुलने का सिलसिला 12. 30 बजे से शुरू हुआ था.

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी का जलस्तर 5 फीट तक बढ़ सकता है. इसलिए लोग सतर्क रहें और नर्मदा नदी के किनारों से दूर रहें. बांध में हर एक घंटे में 10 मिमी पानी पहुंच रहा है. इस तरीके से बांध में ऑपरेशन मैन्युअल से ज्यादा पानी हो गया है.

**धार्मिक** ▶ जिले में उत्साह व भक्तिभाव के साथ मनाया गया डोल ग्यारस पर्व

# फूलों से सजे विमान में विराजे भगवान ने किया भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 03 सितंबर.** जिले भर में बुधवार को डोल ग्यारस का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर फूलों से सजे विमानों में विराजे भगवान नगर भ्रमण पर निकले और जल विहार कर पुन: मंदिरों में विराजे.

बुधनी में डोल ग्यारस के उपलक्ष्य में मौनी बाबा ट्रस्ट के तत्वाधान में प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर से भगवान श्री कृष्ण कोडोल में विराजित कर नगर भ्रमण पर निकले भगवान ने भक्तों को दर्शन दिए तो वहीं नगरवासियों ने रास्ते भर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाए.नगर भ्रमण के दौरान गाजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता,भाजपा नेता अर्जुन मालवीय, राजेश पाल, रामेश्वर यादव, विजय सिंह राजपूत,अजय यादव, सतेंद्र शर्मा, सत्येंद्र जाट,प्रमोद चौहान,विनोद शिवहरे, ललित शर्मा, लेखराम यादव, ओमप्रकाश तनेजा,धीरेंद्र तिवारी,राजेंद्र यादव गिरीश पांडे, सूरज सिंह राजपूत, जिनेंद्र पारे, सुनील कैथवास, रामू राजपूत,मनीष बाजपेई, राकेश तनेजा, विजय सक्सेना, सोनू चौहान, पीयूष मालवीय, एके बिस्वास, मनीष राजपूत,पंकज जाट, राम मालवीय सोनू सारवान आदि उपस्थित रहे.



शाहगंज. नगर में डोल ग्यारस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. श्री राम जानकी मंदिर से चल समारोह निकाला गया जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ नई बस्ती के श्री राम जानकी मंदिर पहुंचा. नगर भ्रमण के दौरान विमान में विराजमान भगवान श्री कृष्ण की जगह जगह पूजा अर्चना की गई. चल समारोह में भक्तगण भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे. छोटे मंदिर पुरानी बस्ती, जगदीश मंदिर एवं अन्य मंदिरों से भी डोल निकाले गए.

### राजस्व मंत्री वर्मा आज जिले के ग्रामों में

**सीहोर.** प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं इछावर विधायक करणसिंह वर्मा गुरुवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे. दौरा कार्यक्रम के अनुसार वह भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 02.15 बजे इछावर तहसील के ग्राम खैरी पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा शाम 04 बजे इछावर तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे. इसके बाद शाम 05 बजे इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सरपंच एवं पंचायत सचिवों की बैठक में शामिल होंगे. तत्पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा रात 8.30 बजे ग्राम सतपिपलिया में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात वे रात 9 बजे भोपाल प्रस्थान करेंगे.